# भारत के प्रमुख संग्रहालयों के नाम और उनके स्थान की सूची

**संग्रहालय किसे कहते है?**

संग्रहालय एक ऐसा संस्थान है है जो समाज की सेवा और विकास के लिए जनसामान्य के लिए खोला जाता है और इसमें मानव और पर्यावरण की विरासतों के संरक्षण के लिए उनका संग्रह, शोध, प्रचार या प्रदर्शन किया जाता है जिसका उपयोग शिक्षा, अध्ययन और मनोरंजन के लिए होता है।

**भारतीय संग्रहालय:**

भारतीय संग्रहालय भारत का सर्वश्रेष्ठ संग्रहालय है। इसमें प्राचीन वस्तुओं, युद्धसामग्री, गहने, कंकाल, ममी, जीवाश्म, तथा मुगल चित्र आदि का दुर्लभ संग्रह है। भारतीय संग्रहालय की स्थापना सन् 1814 में डेनमार्क के वनस्पतिशास्त्री डॉ. नथानियल वालिक ने की थी। यह एशिया का सबसे पुराना और भारत का सबसे बड़ा संग्रहालय है। इस संग्रहालय में एक 4000 साल पुराना पुराशव भी है।

इस संग्रहालय का उद्देश्य, राष्ट्रीय महत्व की सभी पुरावस्तुओं का अर्जन, संरक्षण और अध्ययन करने के साथ-साथ इनके माध्यम से ज्ञान का प्रसार करना तथा मनोरंजन करना है। इसके संग्रह की मुख्य विशेषताओं में प्राच्य संस्कृति, इतिहास और प्राकृतिक विज्ञान के साथ-साथ अन्य देशों के भी कुछ नमूने भी शामिल हैं।

**भारत के प्रमुख संग्रहालयों की सूची:**

| **संग्रहालय का नाम** | **स्थान** |
|---|---|
| इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय | भोपाल, मध्य प्रदेश |
| केलिको कपड़ा संग्रहालय | अहमदाबाद, गुजरात |
| छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय (प्रिंस ऑफ वेल्स संग्रहालय) | मुंबई, महाराष्ट्र |
| डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय स्मारक और संग्रहालय | नई दिल्ली |
| दाण्डी कुटीर संग्रहालय | गांधीनगर, गुजरात |
| नेपियर संग्रहालय | तिरुवनंतपुरम, केरल |
| नेवल एविएशन संग्रहालय | वास्कोडागामा, गोवा |

| | |
|---|---|
| नौसेना संग्रहालय (यह स्वर्ण ज्योति संग्रहालय के नाम से भी जाना जाता है) | विशाखापत्तनम, आन्ध्र प्रदेश |
| पनडुब्बी संग्रहालय (आईएनएस कुरुसुरा) संग्रहालय | विशाखापत्तनम, आन्ध्र प्रदेश |
| पार्टिशन संग्रहालय | अमृतसर, पंजाब |
| बिड़ला औद्योगिक और तकनीकी संग्रहालय | कोलकाता, पश्चिम बंगाल |
| बॉम्बे प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय | मुंबई, महाराष्ट्र |
| भारतीय संग्रहालय (भारत में सबसे बड़ा) | कोलकाता, पश्चिम बंगाल |
| राष्ट्रीय डाक टिकट संग्रहालय | नई दिल्ली |
| राष्ट्रीय संग्रहालय | नई दिल्ली |
| राष्ट्रीय हस्तशिल्प एवं हथकरघा संग्रहालय | नई दिल्ली |
| राष्ट्रीय रेल संग्रहालय | नई दिल्ली |
| वायु सेना संग्रहालय | नई दिल्ली |
| विक्टोरिया जुबली संग्रहालय | विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश |
| विश्वेशवरैय्या औद्योगिक और तकनीकी संग्रहालय | बेंगलुरु, कर्नाटक |
| सालार जंग संग्रहालय | हैदराबाद |
| एग्मोर संग्रहालय | चेन्नई, तमिलनाडु |